# कलेक्टर ने की समय-सीमा समीक्षा बैठक

## विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,14 जनवरी, पांढुर्णा जिले में जनहित एवं विकास कार्यों से संबंधित शिकायतों और आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने समय-सीमा (टीएल) पत्रों की समीक्षा बैठक ली।**

बैठक में विभिन्न प्रशासनिक विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी प्रकरणों का निराकरण तय समय-सीमा में प्राथमिकता के साथ किया जाए।

सौंसर में केंद्रीय विद्यालय की जगह जल्द होंगी चिहिंत 000

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सौंसर में नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना तथा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नवीन फायर स्टेशन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### अब जल्द ही गावों में भी मिलेंगा मोबाइल नेटवर्क

साथ ही पांढुर्णा जिले के नेटवर्क विहीन ग्रामों में 4जी मोबाइल टावर स्थापित करने के लिए शासकीय भूमि चिन्हित करने के लिए तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सुविधा सुदृढ़ हो सके।




### वर्धा नदी की पुलिया तक 4500 लाख में पक्की सड़क

बैठक में पांढुर्णा के तिनशेर चौक से वर्धा नदी तक 10 किलोमीटर सड़क पर गड्ढे भरने के लिए 4500 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गई। ग्राम चिचोलीबड़ में शासकीय अस्पताल से शाला परिसर तक 600 मीटर कच्ची सड़क को पक्का करने का प्रस्ताव प्रभारी मंत्री को भेजा गया है। वहीं बानाबाकोडा से पिपला ना. वार मार्ग पर क्षतिग्रस्त रपटे के स्थान पर नवीन पुलिया निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है।

### स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण पर विशेष फोकस

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने बताया कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 'नगदी रहित उपचार योजना 2025' लागू कर दी गई है, जिससे आमजन को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। रायबासा निवासी अनीता धुर्वे को विकलांग सहायता योजना अंतर्गत ऑपरेशन के लिए जनवरी 2026 के द्वितीय सप्ताह में जबलपुर अथवा पांढर भेजे जाने की कार्यवाही प्रचलन में है। इसके अतिरिक्त ग्राम मांडवी में नव-निर्मित अस्पताल में बिजली एवं पानी की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने के लिए सहायक यंत्री को निर्देशित किया गया।

**कृषि एवं राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण :** भू-अर्जन अंतर्गत मौजा दुधा के कृषक प्रकाश पिता संतोष को मुआवजा राशि भुगतान का प्रकरण अनुमोदन के लिए कलेक्टर श्री वशिष्ठ को प्रेषित किया गया है। वहीं ग्राम राजना में पालतू जानवरों द्वारा फसल नुकसान की शिकायत पर संबंधित व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### अन्य विभागीय मामलों की भी हुई समीक्षा

मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए नई कार्यप्रणाली लागू की गई है। बोरगांव क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों से होने वाले संभावित प्रदूषण की जांच के निर्देश भी दिए गए। लाडली बहना योजना के अंतर्गत तकनीकी त्रुटियों के कारण लंबित प्रकरणों, जैसे श्रीमती मंगला योगेश देवाशे के आवेदन, में सुधार की प्रक्रिया प्रगतिशील है।

### बैठक में रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम श्रीमती अलका एक्का, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मेघा शर्मा, सुश्री नेहा सोनी, तहसीलदार श्री विनय प्रकाश ठाकुर, सीईओ जनपद श्रीमती बंदु सूर्यवंशी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक प्रकरण को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ समय-सीमा में निराकृत किया जाए।

# प्राथमिक शाला लिमतरा में नहीं हुआ सूर्य नमस्कार

## विद्यालय के गेट पर लटका रहा ताला, जिम्मेदार मौन



**घंसौर नवभारत।** मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं शिक्षक प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सभी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाना था जिससे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को योग के महत्व एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां उपलब्ध हो सके किंतु देखा जा रहा है कि सिवनी जिले के विभिन्न क्षेत्र के विद्यालयों में सूर्य नमस्कार का आयोजन नहीं किया गया। जबकि कुछ स्थानों पर सूर्य नमस्कार के बाद छुट्टियां कर दी गई ऐसा ही एक मामला जनपद शिक्षा केंद्र घंसौर के अंतर्गत संकुल बरौदामाल की प्राथमिक शाला लिमतरा में देखने को मिला जहां पर हमारे प्रतिनिधि सूचना पर पहुंचे जिस पर गेट पर ताला लगा पाया गया। साथ ही ग्रामीण जनों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुबह से ही विद्यालय नहीं खोला गया ना ही कोई शिक्षक आए इसका मतलब सूर्य नमस्कार 12 जनवरी योग दिवस जैसे महत्वपूर्ण शासन के आदेश को भी प्राथमिक शिक्षक रवींद्र सिंह गोल्हानी द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया बिना कोई कारण सूचना के विद्यालय को बंद रखा गया जिसकी जानकारी जनपद शिक्षा केंद्र बीआरसी एवं जन शिक्षक को लगभग 12:40 में लगी जिस पर घंसौर बीआरसी कमलेश बघेल द्वारा लापरवाह प्राथमिक शिक्षक लिमतरा को जनपद शिक्षा केंद्र के पत्र क्रमांक1356/2026 जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

यह खबर सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की खस्ताहाल स्थिति और शिक्षकों की लापरवाही को दर्शाती है, जहाँ सूर्य नमस्कार जैसे महत्वपूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास के कार्यक्रम भी नहीं हो पाते और स्कूल के समय में भी ताले लटके रहते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई और उपस्थिति प्रभावित होती है। यह समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में आम है और शिक्षा विभाग के दावों के विपरीत, जमीनी स्तर पर अनुशासन और नियमितता की कमी को उजागर करती है, जिससे बच्चों का भविष्य खतरे में है।

## विधायक रजनीश ने शिव पुराण कथा में की सहभागिता, क्षेत्र की खुशहाली की कामना

**छ्पारा नवभारत।** नगर के बैनगंगा नदी तट पर आयोजित सार्वजनिक शिव पुराण कथा के सातवें दिन कथा श्रवण हेतु केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने व्यासपीठ की विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा व्यास पंडित कन्हैया महाराज को माला पहनाई तथा शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।




### एक नजर में

## एथलेटिक्स थाईलैंड में शानदार प्रदर्शन के बाद 2 सिल्वर मेडल लेकर देश का जिले का नाम रोशन किया



**सिवनी।** आज दोपहर सिवनी जिले पहुंचने पर देवेन्द्र ठाकुर सर का कचहरी चौक में भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान देवेंद्र ठाकुर सर घर पहुंचे जहां उनकी धर्म पत्नी श्रीमति श्रद्धा ठाकुर एवं परिवार के लोगों ने आरती उतारकर मिष्ठान खिलाकर अभिनंदन स्वागत किया सभी ने बड़े उत्साह के साथ सर के इस विशेष उपलब्धि पर बधाई दी देवेंद्र ठाकुर सर ने थाईलैंड ट्रिप के अनुभव सभी को बताए सर के निवास में सभी का भोजन हुआ। इस अवसर पर जिले से मास्टर्स एथलेटिक्स के अध्यक्ष जनक तिवारी छिंदवाड़ा ष्ष्ह कृष्णा चौरसिया खेल विभाग से नारायण बिसेन राष्ट्रीय खिलाड़ी पीटीआई प्रदीप वर्मा जन अभियान परिषद से सौरभ शुक्ला अनिल राजपूत वृक्ष मित्र गीता राम डेहरिया राजेंद्र बोरकर, शासकीय प्राथमिक शाला कोहका से भोलेनाथ शिव सर उपेंद्र ठाकुर गोमती ठाकुर, माधवी शर्मा, भाव्या शर्मा जिला एथलेटिक्स संघ सचिव संजय शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय के हॉस्टल अधीक्षक एवं सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।

## भूतपूर्व सैनिकों का किया गया नगर परिषद छ्पारा द्वारा सम्मान



**छ्पारा।** नगर में 14 जनवरी दिन बुधवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त सैनिकों का नगर परिषद छ्पारा के द्वारा सम्मान किया गया इस दौरान नगर के 2 भूत पूर्व सैनिकों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर नगर के तहसीलदार सौरभ भलावी, नगर परिषद छ्पारा की सीएमओ गीता वाल्मीकि, नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटेल, उपाध्यक्ष शिवकांत ठाकुर, वार्ड पार्षद प्रीति ठाकुर, सुरजीत सिंह समेत नगर परिषद के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे सबसे पहले हनुमान कॉलोनी निवासी भूतपूर्व सैनिक के यहां नगर परिषद की टीम पहुंची ठाकुर ब्रह्मान सिंह ने बताया कि 25 जनवरी 1977 से 30 नवंबर 1994 तक उन्होंने देश की सेवा करते हुए बिताया इस दौरान वह दिल्ली, बबीना, पटियाला, अंबाला श्री गंगानगर, अहमदनगर जैसी जगहों पर पोस्टेड रहे। साथ ही नगर परिषद छ्पारा की पूरी टीम हनुमान कॉलोनी निवासी सोमनाथ प्रसाद सोनी के यहां भी पहुंची जहां पहुंचकर अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शॉल और श्रीफल देकर उनका भी सम्मान किया गया. वहीं सोमनाथ प्रसाद सोनी ने बताया कि वह 11 अगस्त 1978 से 31 अगस्त 1996 तक देश के कई स्थान में रहकर अपनी सेवा दी हैं।

# सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**सिवनी नवभारत।** उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज स्थित द बीकान स्कूल ग्राउंड, परतापुर रोड पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग माहात्म्य का रविवार को भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। अंतिम दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथावाचक कथा व्यास आचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री (छोटे सरकार) ने मुख्य रूप से सुदामा-कृष्ण मित्रता प्रसंग और राजा परीक्षित के मोक्ष का वर्णन किया गया। इस दौरान निष्काम प्रेम, सच्ची भक्ति, समानता और जीवन जीने की कला का संदेश भक्तों को दिया गया। कथा में गरीब मित्र सुदामा और द्वारकाधीश श्रीकृष्ण के मिलन का प्रसंग सुनाया गया। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र के चरण पखार कर और तीन मुट्ठी चावल खाकर उनकी दरिद्रता दूर की। यह प्रसंग सच्ची मित्रता, निष्काम प्रेम और बिना मांगे सब कुछ देने वाले ईश्वर के स्वरूप को दर्शाता है इसके अतिरिक्त, राजा परीक्षित के मोक्ष की



कथा भी सुनाई गई। शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय समाप्त हो गया। तक्षक नाग के डसने के बाद भी उन्हें परमधाम की प्राप्ति हुई। कथावाचक ने सात दिनों की कथा का सार बताते हुए जीवन को ईश्वर-चिंतन में लगाने का उपदेश दिया। उन्होंने समानता का संदेश दिया और घमंड न करने तथा विनम्रता अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कथा में आगे भगवान श्रीकृष्ण के संपूर्ण जीवनवृत्त का मार्मिक वर्णन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# कोहका फाउंडेशन का वयस्क साक्षरता कार्यक्रम बना प्रभावी बदलाव का माध्यम

**सिवनी नवभारत।** कोहका फाउंडेशन वर्ष 2022 से वयस्क साक्षरता कार्यक्रम का संचालन कर रहा है, जिसका उद्देश्य उन वयस्कों को सशक्त बनाना है जो औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए थे। पिछले तीन वर्षों में इस कार्यक्रम के माध्यम से 1,000 से अधिक लाभार्थियों तक पहुँचा गया है, जिससे उन्होंने पढ़ने-लिखने, गणना तथा दैनिक जीवन से जुड़ी आवश्यक कौशल हासिल किए हैं, जिससे उनके आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि हुई है। इस पहल की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया वयस्कों को कार्यक्रम से जोड़ना और उन्हें लगातार जुड़े रहने के लिए प्रेरित करना रहा है, क्योंकि अधिकांश शिक्षार्थी कार्य, पारिवारिक जिम्मेदारियों और लंबे समय से बनी पढ़ाई को लेकर झिझक के साथ जीवन व्यतीत कर रहे थे। फाउंडेशन की कार्यप्रणाली की शुरुआत समुदाय के भीतर




विश्वास निर्माण से होती है, जिसमें परिचित और सम्मानित स्थानीय व्यक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस पहल को पारंपरिक कक्षा के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय इसे जीवन कौशल कार्यक्रम के रूप में लागू किया गया, जिससे वयस्क शिक्षार्थियों में भय, संकोच और हिचकिचाहट को दूर करने में मदद मिली। दवाइयों के लेबल पढ़ना, हस्ताक्षर करना, मोबाइल फोन का उपयोग, बैंक लेन-देन समझना तथा बच्चों की पढ़ाई में सहयोग जैसे तात्कालिक और व्यावहारिक लाभों ने प्रतिभागियों को विशेष रूप से प्रेरित किया।

कार्यक्रम के संबंध में कोहका फाउंडेशन के संस्थापक संजय नागर ने कहा, वयस्क साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को पुन: स्थापित करने की प्रक्रिया है। वर्षों की झिझक के बाद वयस्कों को सीखने के लिए प्रेरित करना धैर्य, विश्वास और निरंतर सामुदायिक सहभागिता की मांग करता है। साझेदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए नागर ने आगे कहा, मैदान में कार्यरत हमारे प्रेरकों का योगदान वास्तव में सराहनीय और अत्यंत परिश्रमपूर्ण रहा है। उनकी प्रतिबद्धता तथा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ALP पहल के सहयोग से हम सबसे झिझकने वाले शिक्षार्थियों तक भी पहुँच सके और उनमें अपने सामर्थ्य पर विश्वास जगा सके।

प्रमाण-पत्र वितरण और सामुदायिक स्तर पर सम्मान ने शिक्षार्थियों के आत्मगौरव और प्रेरणा को और सुदृढ़ किया है। कोहका फाउंडेशन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी प्रेरकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को इस वयस्क साक्षरता पहल की शुरुआत और निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया, जो जमीनी स्तर पर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

# संकल्प दिवस के रूप में मनाई इंदिरा जी की 107वीं जयंती

**सिवनी नवभारत।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा केन्द्र की मोदी सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 12 जुलाई 2024 को राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के जरिए देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी के खिलाफ अनर्गल दुष्प्रचार किए जाने के विरोध में 19 नवम्बर 2024 से इंदिरा गांधी जी की 107 वी जयंती को संकल्प दिवस के रूप में देश की युवा तरूणाई और जन सामन्य को इंदिरा गांधी जी द्वारा राष्ट्र विकास के साथ साथ देशवासियो के प्रति समर्पित त्याग और बलिदान के लम्बे इतिहास से अवगत कराने 4 वर्षीय इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान यात्रा का शंखनाद सम्यक अभियान के प्रणेता भास्कर राव रोकड़े के द्वारा किया गया है जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात राज्य में राष्ट्रीय समन्वयक एवं संरक्षक प्रखर वक्ता चिंतक वरिष्ठ पत्रकार भास्कर राव रोकड़े के नेतृत्व में इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान यात्रा निकाली जा रही हैं।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशानुरूप इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान यात्रा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रदेश प्रभारी, पीसी शर्मा की अगुवाई में प्रदेश स्तरीय इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान पूरे प्रदेश में इंदिरा जी के सिंद्धांतो की अलख जगाने का काम कर रही है। इसी तारतम्य में 13 जनवरी को इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान यात्रा का आगमन जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में हुआ।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अगुवानी में इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान यात्रा का भव्य स्वागत किया गया एवं इसके पश्चात इंदिरा भवन जिला कांग्रेस कमेटी में इंदिरा ज्योति यात्रा के संदर्भ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के हमारे महानायक और देश के प्रति अपना सर्वन्यौछावर करने वाले कांग्रेस के नेताओं का निरंतर अपमान करते हुए भारतीय इतिहास को बदलने का जो अनुचित पाप कर रही है उसका मुकाबला करने का समय आ गया है हम सभी को एक जुट होकर संविधान और देश विरोधी ताकतो का पुरजोर विरोध करना है।

## बाबा ने सिवनी के साईं भक्तों की अर्ज़ी स्वीकार की, सिवनी आने की दी स्वीकृति

**सिवनी नवभारत।** साईं भक्तों के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि साईं बाबा ने उनकी सच्ची श्रद्धा और प्रार्थना को स्वीकार करते हुए सिवनी आगमन की स्वीकृति प्रदान की है। इस पावन अवसर पर बाबा की पादुका सिवनी पधारेंगी, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण रहेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को प्रात: 10 बजे बाबा की पादुका का सिवनी में शुभ आगमन होगा। इसके पश्चात प्रात: 10:30 बजे भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में साईं भक्त शामिल होंगे।

बाबा की पादुका 19 और 20 जनवरी को सिवनी में विराजमान रहेंगी, इस दौरान भक्तों को दर्शन एवं पूजा का अवसर प्राप्त होगा। इसके बाद 21 जनवरी को बाबा की पादुका सिवनी से शिर्डी के लिए प्रस्थान करेंगी। इस शुभ अवसर पर सिवनी के सभी साईं भक्तों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।



**आयोजन** सम्पूर्ण आयोजन डी .पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एसएससी शिक्षा महाविद्यालय ड्रीमलैंड सिटी मैदान में संपन्न हुआ .

# एसएससी प्रीमियर लीग का खिताब श्री राम आदर्श विद्यालय ने जीता

**सिवनी नवभारत।** डीपी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एसएससी शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एसएससी प्रीमियर लीग 2026 का फाइनल मैच दिनांक 13.1.2026 को दोपहर 1 बजे से श्री राम आदर्श विद्यालय डुंडा सिवनी क्रिकेट टीम एवं डीपीसी लॉ कॉलेज बी.ए.एल एल.बी क्रिकेट टीम के मध्य खेला गया मैच का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं राष्ट्रगान कर , मुख्य अतिथि डीपी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एसएससी शिक्षा महाविद्यालय के संचालक आदरणीय श्री डॉक्टर रामकुमार चतुर्वेदी सर , आदरणीय श्री हर्ष कुमार चतुर्वेदी सर (संचालक श्री राम आदर्श विद्यालय सिवनी ) , आदरणीय श्री अजय चतुर्वेदी सर (प्रबंधक डी पीसी एसएससी ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन ) , एसएससी शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती निधि चतुर्वेदी मैडम , ने



किया । मुख्य अतिथियों द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस की प्रक्रिया को पूरा किया गया जिसमें श्रीराम आदर्श विद्यालय डूंडा सिवनी क्रिकेट टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया तथा बल्लेबाजी के लिए डीपीसी लॉ कॉलेज बी.ए.एल एल.बी क्रिकेट टीम को आमंत्रित किया जिसमें निर्धारित 10 ओवर में बल्लेबाजी टीम ने 63 रन 7 विकेट के नुकसान पर बनाए तथा श्री राम आदर्श विद्यालय डूंडा सिवनी की टीम को 64 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में श्री राम आदर्श विद्यालय डूंडा सिवनी की टीम ने 67 रन 2 विकेट के नुकसान पर 5.4 ओवर में बनाकर मैच में विजय श्री हासिल की फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच श्री राम आदर्श विद्यालय डूंडा सिवनी टीम के कप्तान दिव्यांश यादव रहे जिन्होंने 11 बॉल में 34 रन बनाएं तथा 3 ओवर में 14 रन देकर एक विकेट हासिल कर अपनी टीम की जीत में एहम भूमिका निभाई मैन ऑफ द मैच को मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा शील्ड एवं मैडल प्रदान किया गया तत्पश्चात उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल एवं उपविजेता की ट्रॉफी प्रदान की गई तथा फाइनल मैच विजेता टीम के खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल तथा चमचमाती हुई विजेता की ट्रॉफी मुख्य अतिथि महोदयों द्वारा प्रदान की गई टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर की ट्रॉफी डीपीसी लॉ कॉलेज बी.ए.एल एल.बी क्रिकेट टीम के कप्तान अनुराग सिंह ठाकुर को प्रदान की गई बेस्ट बल्लेबाज की ट्रॉफी श्री राम आदर्श विद्यालय डूंडा सिवनी टीम के खिलाड़ी नितिन को प्रदान की गई फाइनल मैच में कॉमेंटेटर की भूमिका श्री रामेश्वर पांडे सर, श्री अनिकेत अहरवार सर , छात्र कार्तिक श्रीवास्तव के द्वारा निभाई गई मैच की ऑनलाइन स्कोरिंग क्षितिज ठाकुर ने की तथा अंपायरिंग में श्री कुलदीप परमार एवं प्रतीक कुशवाहा ने भूमिका का निर्वहन किया मैच के दौरान एसएससी शिक्षा महाविद्यालय के श्री गौरव सिसोदिया सर, श्री सुनील रजक सर , श्री अक्षय डोंगरे सर, श्री राजकुमार यादव सर ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया तथा डीपी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एसएससी शिक्षा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण मैच के दौरान उपस्थित रहे टूर्नामेंट के प्रमुख आधार श्री रामेश्वर पांडे ने समापन की घोषणा तथा इस टूर्नामेंट को आयोजित करने एवं सफल बनाने के लिए संचालक सर एवं टूर्नामेंट में सहभागिता करने वाली समस्त टीमों के कोच एवं संरक्षकों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम के समापन में डीपी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एसएससी शिक्षा महाविद्यालय के संचालक आदरणीय श्री डॉक्टर रामकुमार चतुर्वेदी सर जी ने बताया कि भविष्य महाविद्यालय द्वारा इसी प्रकार के टूर्नामेंट और भी बेहतर और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित कराए जाएंगे ।

# लखनादौन में जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का भव्य आयोजन

## राष्ट्र निर्माण की धुरी है युवा शक्ति : सह प्रांत प्रचारक श्रवण कुमार

**घंसौर नवभारत।** विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने सेवा, संगठन और राष्ट्र निर्माण के सौ वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। संघ इस ऐतिहासिक अवसर को पूरे देश में संघ शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है। इसी क्रम में 13 जनवरी 2026 मंगलवार को लखनादौन में एक भव्य युवा विराट सम्मेलन का आयोजन किया गया इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराना तथा उन्हें सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरित करना है सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के सह प्रांत प्रचारक श्रवण कुमार रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक पूंजी है। यदि युवा सही दिशा में संगठित और संस्कारित हो जाएं तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई शक्ति नहीं रोक सकती। श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में संघ द्वारा प्रतिपादित 'पंच परिवर्तन' की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और परिवार प्रबोधन जैसे पंच परिवर्तन



आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं। यदि युवा इन मूल्यों को अपने जीवन में उतार लें तो समाज स्वत: ही सशक्त और आत्मनिर्भर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है और आज का युवा केवल अपने व्यक्तिगत विकास तक सीमित न रहे, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी को समझे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशा, हिंसा और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहकर अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति को जीवन का लक्ष्य बनाए सम्मेलन में 'विश्वगुरु भारत' के संकल्प को दोहराया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक ज्ञान और सेवा भाव ही उसे विश्व का मार्गदर्शक बना सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि युवा अपनी जड़ों से जुड़े रहें और आधुनिक ज्ञान के साथ भारतीय मूल्यों का समन्वय करें। कार्यक्रम के दौरान युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। देशभक्ति के नारों, प्रेरक गीतों और अनुशासित व्यवस्था ने सम्मेलन को विशेष गरिमा प्रदान की। विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने संगठनात्मक एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश ग्रहण किया। स्वयंसेवक कार्यकर्ता एवं आयोजकों ने बताया कि ऐसे सम्मेलनों का उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक दिशा देना, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना और समाज सेवा के लिए प्रेरित करना है। सम्मेलन के समापन पर सभी युवाओं ने राष्ट्रहित में कार्य करने तथा पंच परिवर्तन को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। यह युवा सम्मेलन न केवल लखनादौन बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ, जहां युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का दृढ़ निश्चय किया।